तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, मंगलवार 30 जून 2026



11 दल्लीराजहरा सहित पूरे क्षेत्र में पल्स पोलियो महाअभियान का शुभारंभ





10 घटिया निर्माण और लापरवाही की भेंट चढ़ रहा पांच...






## खबर संक्षेप

### बिरेतरा स्कूल और आंगनबाड़ी की समस्याओं को लेकर सरपंच ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**बालोद।** ग्राम पंचायत बिरेतरा की सरपंच तारिणी देशमुख ने कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा से मुलाकात कर शासकीय प्राथमिक शाला व आंगनबाड़ी केंद्र की समस्याओं को लेकर 4 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। सरपंच द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला बिरेतरा में बालक, बालिकाओं के लिए पृथक शौचालय निर्माण, स्कूल में शिक्षको के रिक्त पद पर तुरंत नियुक्ति, स्कूल परिसर में पेयजल की व्यवस्था हेतू बोर खनन कर रनिंग वाटर की सुविधा देने एवं आंगनबाड़ी केंद्र के रंग–रोगन व छत मरम्मत की मांग की गई। सरपंच तारिणी देशमुख ने बताया कि कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने ज्ञापन को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को प्रस्ताव भेजकर जल्द निराकरण के निर्देश देने का आश्वासन दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल में शौचालय व पानी नहीं होने से बच्चियां स्कूल आने से कतराती हैं। आंगनबाड़ी की जर्जर हालत से नौनिहालों को खतरा है।

### दो युवकों को हाईवा ने मारी टक्कर, एक गंभीर घायल

**बालोद।** बाल कटवाने आए दो युवको को हाईवा ने ठोकर मार दिया। जिससे दोनो युवक घायल हो गए। जिसके बाद पीड़ित युवक ने हाईवा चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 184, 125(एं), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम बेलमाण्ड निवासी मिथलेश कुमार नेताम ने पुलिस को बताया कि 28 जून को मै अपने दोस्त ग्राम बेलमाण्ड निवासी हेम शंकर उर्वशा के द्वारा बाल कटवाने जाने के लिये कहने पर मैं हेम शंकर उर्वशा साथ उसके मोटर सायकल सीजी 17 केएफ 9083 में बैठकर बस स्टैण्ड बालोद आये थे। बाल कटवाने के बाद अपने घर ग्राम बेलमाण्ड जा रहे थे कि दोपहर गंजपारा बालोद के पास मेनरोड़ में पहुंचे थे कि पीछे से आ रही हाईवा एमएच 34 बीजेड 9727 के चालक द्वारा अपने हाईवा को तेज, रफ्तार व लापरवाही पूर्वक एवं खतरनाक ढंग से चलाकर हमारे मोटर सायकल को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेन्ट कर दिया। एक्सीडेन्ट करने से हम दोनो मोटर सायकल सहित गिर गये गिरने के बाद हेम शंकर उर्वशा का दाहिना हाथ ट्रक हाईवा के आगे चक्का में आ जाने से चोट लगा है एवं मेरे दाहिने पैर के पिंडली व कमर में चोट लगा है। हम दोनो को 108 एम्बुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल बालोद लाकर भर्ती किये मुझे प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दिये एवं हेम शंकर उर्वशा को डॉक्टर द्वारा रिफर करने पर उपचार हेतु भर्ती किये है।

# आषाढ़ की शुरुआत, लेकिन बारिश का इंतजार, सूखे जैसे हालात से किसान चिंतित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

आज से आशाढ़ लग जाएगा लेकिन जिले मे सूखे की स्थिति निर्मित हो गई है आसमान में बादल छा रहे है लेकिन बारिश की बूंदे नजर नही आ रही जिसके कारण जिले में आम जनता से लेकर किसानो के चेहरे में चिंता की लकीरे देखने को मिल रही है।

जिले में पिछले साल जहां इस दिन तक नदी तालाब लबालब हो गए थे तथा खेती किसानी का काम पूरे रफ्तार में चल रहा था वही इस वर्श पानी नही गिरने के कारण खेती किसानी का कार्य अधिकांश ठप पड़ा हुआ है जहां साधन संपन्न कुछ किसान ही खेती किसानी के कार्य पूर्णतः करते दिख रहे है। जिले में जहां इस वक्त तक रोपा का कार्य तेजगति से होता रहता लेकिन वर्तमान में रोपा लगाने वाले कई किसान थरहा की तैयारी भी नही किए है तथा पानी को देखते हुए कई किसान रोपा की जगह लाईचोरी लगाते दिख रहे है। जिले के अधिकांश किसान जिनके पास खेती के लिए पानी का कोई साधन नही है वे पानी की बाट जोह रहे है तथा जिले में कई किसान ऐसे भी है जो आसमान में छा रहे घने बादलो को देखकर बोईता के तहत खेतो की जोताई कर खेतो में धान की बीजो को खर्रा बावत या सीधी बोआई के तहत छिड़क दे रहे है ताकि बारिश होने पर वह जग जाए। जिले में किसानो द्वारा लाई चोपी या बोईता के माध्यम से बारिश के दिनो में धान लगाने का कार्य किया जाता है जहां बोर के माध्यम से सिंचाई का कार्य करने वाले किसान बोर के माध्यम से सिंचाई कर खेतो को ट्रैक्टर के माध्यम से मताकर धान को खेतो में छिड़काव कर लाईचोपी डालने का काम कर रहे है वही कई किसान खेतो में थरहा तैयार कर रोपा लगाने का कार्य करते दिख रहा है।

## बोईता और लाईचोपी पर टिकी उम्मीदें, बारिश नहीं होने से धान की फसल पर मंडराने लगा संकट



### पानी नही गिरने पर फसल खराब होने की समस्या

जिले के कई किसान जो लाईचोपी के तहत किसी तरह पानी ही व्यवस्था कर धान का फसल लगा लिए है उन्हे पानी की कमी महसूस होने लगी है तथा कई किसान जिन्हे पर्याप्त पानी धान के लिए नही मिल रहा है उन्हे कुछ दिन और पानी नही गिरने पर फसल खराब होने की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। जहां बोईता के तहत खेतो मे पानी की आस में किसानो द्वारा धान का छिड़काव तो किया जा चुका है लेकिन पानी नही गिरने से खेतो में धान छिड़काव करके पड़े है और उन्हे पक्षियां खा रही है तथा अधिक दिनो तक पानी ना गिरने से खेतो में छिड़काव किए गए धान खराब होने का डर किसानो में बना हुआ है। जहां धान खराब होने पर पुनः धान खरीदी कर बोने तथा डबल खर्च करने का भी डर किसानो में बना हुआ है। ऐसे में जिलेवासी जल्द पानी की आस लगाए बैठे है ताकि गर्मी से राहत के साथ खेती किसानी का कार्य रफ्तार पकड़ सके।

## अपराध : झांसा देकर तीन महिलाओं से वसूले रुपए, फर्जी जॉइनिंग लेटर देने का भी आरोप

# सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर साढ़े पांच लाख की ठगी, महिला के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नौकरी लगाने के नाम पर एक महिला ने तीन महिलाओ के साथ कुल साढ़े पांच लाख की ठगी कर दी। जिसके बाद पीड़ित तीनो महिलाओ ने ठगी करने वाली महिला के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 318(4) के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मरारपारा वार्ड क्रमांक 09 बालोद निवासी डामीन साहू पिता नेमीचंद साहू 37 वर्ष, अटल विहार कालोनी सिवनी निवासी बिन्दू दुबे पति चोवन प्रसाद 39 वर्ष, अटल विहार कालोनी सिवनी निवासी ललिता गजेन्द्र कमल कुमार गजेन्द्र 36 वर्ष ने पुलिस को बताया कि लगभग डेढ साल पूर्व हमारी मुलाकात पांडेपारा बालोद निवासी लता धीवर पति आकाश धीवर से हुई उन्होने हमे झांसे में लेकर कहां कि आप लोगो को नौकरी के लिए परेशान होने की जरूरत नही है मेरी पहचान मुख्य सचिव छ.ग. शासन से है यदि आपको शासकीय नौकरी लगना चाहते हो तो मै लगा दूंगी प्रत्येक लोगो से 2,00,000– 2,00,000 रू. लगेगा, बोलने पर लता धीवर द्वारा शासकीय नौकरी लगाने हेतु पक्का अश्वासन देने से हम उनके जाल में फंस गई। डामिन बाई ने पुलिस को बताया नौकरी के लिए पैसा देने के लिए तैयार हो गये, और मेरे से 2,00,000 रू. नगद लता धीवर द्वारा ली गई है, लता द्वारा नौकरी लगाने के लिए 01 वर्ष का समय ▶▶| शेष पेज 11 पर

### फर्जी ज्वाइनिंग लेटर थमा दी

मुझे ज्वाइनिंग लेटर मिलने से बिन्दू दुबे 1,50,000 रू, ललिता गजेन्द्र 2,00,000 रू ने भी लता को नौकरी लगने के लिए दिया है। लता धीवर द्वारा दिये ज्वाइनिंग लेटर फर्जी होने से मेरी नौकरी नही लगी और बिन्दू दुबे तथा ललिता गजेन्द्र की भी नौकरी नही लगने से काफी परेशान हो गये लता धीवर द्वारा हम तीनों को बहला फुसलाकर नौकरी लगाने के नाम पर रकम लेकर धोखाधड़ी की है लता धीवर के विरूध्द कार्यवाही किया जाये।

### गले में चाकू अड़ाकर लूटपाट करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार



**बालोद।** रानीमाई, हर्राठेमा जंगल घाटी में गले में चाकू टीकाकर लूटपाट करने वाले 03 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपियों से घटना में उपयोग किये चाकू, मोटर सायकल स्प्लेण्डर क्रमांक सीजी 24 डब्ल्यू 1779 एवं 03 नग मोबाईल को जप्त किया गया। आरोपीगणों द्वारा रास्ता पूछने के नाम पर रोककर गले में चाकू टीकाकर डरा धमका कर हाथ मुक्का से मारपीट कर घटना को अंजाम दिया। मामले में ग्राम गोड़पाल थाना व जिला बालोद निवासी प्रार्थी धर्मेन्द्र कुमार उइके पिता कार्तिक राम उइके 30 वर्ष ने पुलिस को बताया कि 18 जून को अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 05 व्ही 8995 से बीज खरीदने के लिये तीन हजार रूपये पर्स में तथा एक हजार रूपये पैंट के दुसरे पैकेट में कुल चार हजार रूपये रूपये लेकर बालोद बीज खरीदने के लिये बालोद आया था किंतु तबियत ठीक नही लगने से बीना बीज खरीदे करीबन 01 बजे बालोद से अपने मोटर सायकल से घर गांव गोड़पाल जाने के लिये निकला की करीबन 01.35 बजे यह रानीमाई ▶▶| शेष पेज 11 पर

# नपं में अतिरिक्त कर्मचारियों को हटाने की मांग, उपाध्यक्ष ने सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

नगर पंचायत गुण्डरदेही के उपाध्यक्ष विजय सोनकर ने नगर पंचायत मे अतिरिक्त कार्यरत कर्मचारी को सेवा मुक्त करने की मांग की है,

- वित्तीय बोझ कम कर विकास कार्यों के लिए संसाधन बढ़ाने की उठाई मांग

उन्होने अपनी मांग सीएमओ को अपने लेटरहेड मे लिखित मे सौंपा है। उपाध्यक्ष विजय सोनकर ने बताया कि विगत साल से नगर पंचायत मे जरूरत से ज्यादा कर्मचारी को रखा गया है जिससे नगर पंचायत का व्यय भार बढ़ गया है जिससे नगर के विकास मे वित्तीय बाधा का सामना करना पड़ रहा है। लाइट, सफाई सामग्री, नल सामग्री की आवश्यकता पढ़ने पर नगर



पंचायत मे वित्तीय कोष नही होता जिसके कारण जनप्रतिनिधियो को जनमानस का विरोध एवं समस्याओ का सामना करना पड़ता है। उपाध्यक्ष ने आगे बताया कि कार्यालय मे दो सरकारी भृत्य होने के बावजुद दो और भृत्य है जो जरूरत से ज्यादा है इसी तरह कार्यालय मे चार कम्प्यूटर आपरेटर है। इन सब बातो को ध्यान मे रखते हुए अतिरिक्त कार्यरत कर्मचारी को तत्काल सेवा मुक्त की कार्रवाई की जाए जिससे नगर पंचायत की वित्तीय स्थिति को सुधारा जा सके।

# दो पक्षों में विवाद, दोनों पक्षों ने कराया एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

आवेदन पत्र मे हस्ताक्षर करने की बात को लेकर दो पक्षो में विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। जिसके बाद दोनो ही पक्ष ने एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने विभिन्न धाराओ के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पहले पक्षकार बुढापारा वार्ड न0 20 बालोद निवासी कमलेश कुमार सिंह गौतम ने पुलिस को बताया कि दुध गंगा डेयरी में विगत दो वर्षो तक दुध गंगा में अध्यक्ष था। दिसम्बर 2025 में दुध गंगा का संचालक मंडल को भंग कर दिया गया है। जिसमें मै अभी दुध गंगा का सामान्य सदस्य हूं। 28 जून को रात्रि 08 बजे लगभग मै और ओमप्रकाश यादव के साथ दुध गंगा के पास से गुजर रहा था तो एक कागज में दुध गंगा में दुध देने वाले सदस्यो से सुधाकर यादव एवं अशोक चौधरी हस्ताक्षर करवा रहे थे। तब मैने सुधाकर यादव से पूछा किस सम्बंध में आवेदन है। जिसमें हस्ताक्षर ले रहे हो तब सुधाकर ने जवाब दिया कि नारद साहू ने इस आवेदन को दिया है। सब दुध गंगा में दुध देने वाले किसानो से हस्ताक्षर लेने बोले है।



- दूध गंगा डेयरी परिसर में कहासुनी के बाद मारपीट, पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर शुरू की जांच

आप भी आवेदन को देख लो बोलने पर मैने आवेदन को देखा तो निष्कासित सदस्यो शब्द लिखा है। तब मैने आवेदन के हस्ताक्षर में फागु राम यादव का हस्ताक्षर देखकर वही खडे फागु राम यादव से पूछा तुमने आवेदन में हस्ताक्षर किया है। आवेदन किस सम्बध में है तुम्हे पता है क्या तब फागु राम ने मै हस्ताक्षर किया हूं आवेदन मै क्या है मै नही जानता जो भी पूछना है नारद साहू से पूछो कहकर मुझे गाली गलौच करने लगा तब मैने फागु राम को गाली देने से मना करने पर फागु राम यादव एवं उसका लडका छबिल यादव दोनो मुझे जान से मारने की धमकी देते हुए धक्का मुक्की कर दोनो बाप बेटा हाथ मुक्का से मुझे मारपीट करने लगे। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने दो लोगो के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। दूसरे पक्षकार ग्राम ओरमा निवासी फागु राम यादव ने पुलिस को बताया कि मैं दुध गंगा बालोद में विगत 03 वर्षो से दुध बेचने बालोद में आता हूं। 28 जून को भी मैं दुध गंगा बालोद में दुध देने आया था। मेरे पास लगभग रात्रि 08 बजे कमलेश गौतम अपने आप में गाली गलौच करते हुए आ रहा था। मुझे देखते ही मेरे पास आकर बोला कि तुमने शिकायत आवेदन में हस्ताक्षर किये हो आवेदन किस सम्बंध में है। तुम जानते हो क्या तब मैने बोला आवेदन में क्या लिखा मुझे नही पता किन्तु मैं हस्ताक्षर किया हूं इतना बोलते ही कमलेश गौतम मुझे गाली गलौच कर दुध गंगा से कौन निष्कासित हुआ है। बता कहकर मुझे गाली गलौच कर धमकी देकर हाथ से मारपीट करने लगा तब मेरा लडका छबिल यादव मेरे बीच बचाव करने आया तो उसे भी गाली देने लगा। मारपीट से मेरे दाहिने गाल में चोट आकर दर्द है। पीडित की रिपोर्ट पर एक व्यक्ति के खिलाफ पुलिस ने धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।






## एक्सपायरी दवाइयां और इस्तेमाल की गई सिरिंज सार्वजनिक स्थल पर फेंकी

# सार्वजनिक स्थल पर फेंकी गईं एक्सपायरी दवाएं और इस्तेमाल की गई सिरिंज, ग्रामीणों में नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

कुसुमकसा के बाजार परिसर स्थित हनुमान मंदिर के पीछे एक सार्वजनिक स्थान पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा एक्सपायरी दवाइयां, उपयोग में लाई गई सिरिंज (सुई) तथा अन्य चिकित्सा अपशिष्ट फेंक दिए जाने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा मंडल कुसुमकसा के अध्यक्ष योगेंद्र सिन्हा गांधी मौके पर पहुंचे और स्थल का निरीक्षण किया।

योगेंद्र सिन्हा गांधी ने खुले सार्वजनिक स्थान पर मेडिकल कचरा फेंके जाने को गंभीर लापरवाही बताते हुए कहा कि इस प्रकार का जैव-चिकित्सा अपशिष्ट लोगों के स्वास्थ्य के लिए खतरा बन सकता है। उन्होंने मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा कर संबंधित विभाग का ध्यान आकर्षित किया।



वीडियो सामने आने के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौके पर पहुंचे और फेंकी गई दवाइयों एवं अन्य चिकित्सा सामग्री को देखकर नाराजगी जताई। ग्रामीणों का कहना था कि यदि इस्तेमाल की गई सिरिंज किसी बच्चे के हाथ लग जाती या कोई मवेशी दवाइयों का सेवन कर लेता, तो बड़ा हादसा हो सकता था।

पूर्व जनपद सदस्य अनिल सुथार ने मामले की जानकारी मोबाइल फोन के माध्यम से विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डोंडी को देते हुए दोषियों के विरुद्ध जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए विकासखंड चिकित्सा अधिकारी ने तत्काल कुसुमकसा स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को मौके पर भेजा।

हालांकि, स्वास्थ्य विभाग की टीम के पहुंचने से पहले ही अज्ञात व्यक्ति द्वारा वहां से फेंकी गई दवाइयां और अन्य चिकित्सा सामग्री हटा ली गई थी। इसके बावजूद स्थानीय लोगों ने पूरे मामले की जांच कर दोषी की पहचान करने तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# सेक्टर 9 हास्पिटल के निजीकरण के खिलाफ अब बड़े जनांदोलन का ऐलान

## संयुक्त ट्रेड यूनियन की अहम बैठक में निर्णय, कहा- कार्पोरेट के हाथों सौंपने से हो जाएगा महंगा इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

संयुक्त ट्रेड यूनियन द्वारा भिलाई इस्पात संयंत्र के सेक्टर 9अस्पताल को निजीकरण के खिलाफ व्यापक जनांदोलन करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए जनता को जागरुक करने के लिए सोमवार से जनसंपर्क अभियान शुरु किया जाएगा। इस दौरान शहरवासियों को जनहित में इस अस्पताल का निजीकरण के खिलाफ आंदोलन में साथ देने की अपील की जाएगी।

संयुक्त ट्रेड यूनियनों इंटक, एटक, ऐक्टू, सीटू, एचएमएस, लोईमू एवं स्टील वर्कर्स यूनियन की हुई महती बैठक में बीएसपी प्रबधन के निजीकरण के कदम को जनविरोध बताया गया। बैठक में अस्पताल को सार्वजनिक क्षेत्र में बनाए रखने के लिए व्यापक जनआंदोलन चलाने का निर्णय लिया गया।

यूनियनों ने कहा कि यह संघर्ष केवल कर्मचारियों का नहीं, बल्कि लाखों नागरिकों के स्वास्थ्य और जनहित की रक्षा का संघर्ष है। जनांदोलन को सफला बनाने विभिन्न विभागों, टाउनशिप, सेवानिवृत्त कर्मचारियों की बस्तियों तथा आम जनता के बीच व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान पर्चे वितरित किए जाएंगे, सभाएं आयोजित होंगी तथा लोगों को अस्पताल के निजीकरण के संभावित दुष्परिणामों से अवगत कराया जाएगा।

### जनता के स्वास्थ्य पर हमला

संयुक्त ट्रेड यूनियनों ने कहा कि बीएसपी के अस्पताल वर्षों से कर्मचारियों, सेवानिवृत्त कर्मियों और आम नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं प्रदान करता रहा है। यदि इसका संचालन निजी या कॉरपोरेट हाथों में सौंपा गया तो इलाज महंगा होगा, कर्मचारियों और पेंशनरों की स्वास्थ्य सुरक्षा प्रभावित होगी तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं का चरित्र कमजोर पड़ेगा। यूनियनों ने अस्पताल के निजीकरण, लीज अथवा कॉरपोरेट प्रबंधन को सौंपने की किसी भी प्रक्रिया का



### 14 जुलाई को विशाल प्रदर्शन का आह्वान

बैठक में निर्णय लिया गया कि 14 जुलाई को सेक्टर-9 अस्पताल के मुख्य द्वार पर संयुक्त ट्रेड यूनियनों के नेतृत्व में विशाल प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन में कर्मचारियों, सेवानिवृत्त कर्मियों, उनके परिवारों, सामाजिक संगठनों एवं आम नागरिकों से बड़ी संख्या में भाग लेने की अपील की गई। यूनियनों ने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे निजीकरण के खिलाफ इस संघर्ष का हिस्सा बनें और सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं की रक्षा के लिए आगे आएं।

## खबर संक्षेप

### अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध शराब के साथ युवक को पुलिस ने पकड़ा है। धमधा पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम बरहापुर नर्सरी के पास अवैध शराब के साथ ग्राम शिवकोकड़ी लिटिया सेमरिया निवासी कुमार निषाद को पकड़ा गया। उसके पास से पुलिस ने 35 शोले प्लेन देशी शराब कुल 6.300 लीटर जब्त किया। जिसकी कीमत 2,800 रुपए आंकी गई है।

### रेल व स्ट्रक्चरल मिल में नया लैंडिंग प्लेटफॉर्म लोकार्पित

**भिलाई।** बीएसपी की रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल (आरएसएम) में कार्यस्थल सुरक्षा और परिचालन सुविधा को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत बीसी बे, हॉट सॉ पल्पिट नं.-9 के समीप क्रेन ऑपरेटरों के लिए नए लैंडिंग प्लेटफॉर्म का लोकार्पण किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक बीएसपी के सीजीएम तीर्थंकर दस्तिदार थे । जीएम महाप्रबंधक अरविंद टंडन, एनके खरे, प्रशांत खोंड, महाप्रबंधक प्रशांत लाखे, आरके राजधर, डीजीएम आरके पवार, विक्रम वर्मा, एजीएम (मैकेनिकल) आलोक श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे। पूर्व में इस स्थान पर स्थापित लैंडिंग प्लेटफॉर्म क्षतिग्रस्त एवं अनुपयोगी हो चुका था, जिसके कारण क्रेन तक सुरक्षित पहुंच संभव नहीं थी । क्रेन की बार-बार री-पोजिशनिंग करनी पड़ती थी। इससे परिचालन के दौरान सुरक्षा संबंधी चुनौतियां उत्पन्न होती थीं। समस्या की पहचान रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल के यांत्रिक विभाग द्वारा की गई।

## अनुभवी एजेंसी के नाम पर ठेका, काम कर रहे अनुभवहीन ठेकेदार

# घटिया निर्माण और लापरवाही की भेंट चढ़ रहा पांच करोड़ का स्वीमिंग पूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई नगर निगम शहर के विकास और सुविधा के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च कर रहा है, लेकिन विभागीय जिम्मेदारों द्वारा इस पर ध्यान नहीं देने से ये पैसे बर्बाद हो रहे हैं। ताजा उदाहरण भिलाई निगम द्वारा प्रियदर्शिनी परिसर पश्चिम में 4.93 करोड़ की लागत से बनाया जा रहा स्वीमिंग पूल है। निगम ने इस पूल को बनाने के लिए अनुभवी एजेंसी हायर की थी। कई बार टेंडर रद्द होने के बाद अनुभवी एजेंसी के नाम पर दूसरे ठेकेदार ने काम तो लिया, लेकिन हकीकत यह है कि उनके पास अब तक स्वीमिंग पूल बनाने का कोई अनुभव नहीं है। इसका खामियाजा यह दिख रहा है कि एक स्वीमिंग पूल की दिशा गलत हो गई है, साथ ही जो बेस बनाया गया है वो अभी से क्रेक हो रहा है। इस घटिया बेस ढलाई के साथ निगम इस पूल में कैसे नेशनल और बड़े आयोजन करेगा यह समझ से परे है।

वर्तमान स्थिति की बात करें तो ठेकेदार ने पूल की खुदाई कर डाली है और नीचे का बेस ढलाई का कार्य भी हो गया है। बेस ढलाई हुए अभी कुछ दिन ही हुए हैं कि उसमें दरारें दिखने लगी हैं। जहां स्वीमिंग पूल बन रहा है वहां काली मिट्टी है, इसलिए पहले बेस का ट्रीटमेंट किया जाना जरूरी थी वह नहीं किया गया।

**बना दिया गलत दिशा में स्वीमिंग पूल, तैराकों को होगी परेशानी**





### मानकों का नहीं हो रहा पालन

बन रहे स्वीमिंग पूल के निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़े होने के साथ ही इसकी दिशा को लेकर भी कई सवाल खड़े हो रहे हैं। स्विमिंग एक्सपर्ट्स की माने तो खुले स्विमिंग पूल उत्तर-दक्षिण दिशा में बनाए जाते हैं। इस व्यवस्था से सुबह-शाम सूर्य की किरणें सीधे तैराकों की आंखों पर नहीं पड़ती। प्रियदर्शिनी परिसर में जो पूल बन रहा है वो पूर्व-पश्चिम दिशा में बनया जा रहा है, जिससे खिलाड़ियों को प्रैक्टिस करने और यहां तक की आयोजन के समय भी दिक्कत हो सकती है। एक्सपर्ट्स के अनुसार प्रोजेक्ट में मानकों का पालन जरूरी है। दिशा में कमी भविष्य में खिलाड़ियों की प्रैक्टिस और प्रदर्शन को प्रभावित कर सकती है। गलत दिशा में बने पूल में न तो सही ढंग से अभ्यास हो सकेगा, न ही नेशनल स्तर की प्रतियोगिताएं आयोजित हो पाएंगी।

### डुबान क्षेत्र में निर्माण होने से होगी बड़ी समस्या

प्रियदर्शिनी परिसर के जिस भाग में स्वीमिंग पूल बनाया जा रहा है वो डूब क्षेत्र में आता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश के मौसम में यहां अक्सर पानी भर जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिना मुरुम या डस्ट फिलिंग किए सीधे खुदाई कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। अगर पहले जमीन की ऊंचाई नहीं बढ़ाई गई, तो बारिश के दौरान यह पूरा क्षेत्र तालाब जैसी स्थिति में बदल सकता है, जिससे निर्माण कार्य और उपयोग दोनों प्रभावित होंगे।

### जिम्मेदारों के खिलाफ करेंगे शिकायत

करीब पांच करोड़ रुपए की लागत से बनाए जा रहे इस पूल में भारी अनियमितता और लापरवाही सामने आई है। कोच से बात करने पर पता चला कि पहले तो पूल का डिजाइन ही गलत बना है। यह मानकों के विपरीत है। यदि इसी तरह मनमाने तरीके से निर्माण जारी रहा तो शासन के 5 करोड़ रुपए पानी में डूबकर रह जाने वाले हैं।

**-भोजराज सिन्हा**, नेता प्रतिपक्ष भिलाई नगर निगम

निगम के इंजीनियर भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

निगम के नेता प्रतिपक्ष भेजराज सिन्हा का कहना है कि राज्य सरकार दुर्ग भिलाई सहित पूरे राज्य में विकास के लिए संवेदनशील है, लेकिन अधिकारी सरकार के द्वारा दिए जा रहे पैसों का दुरुपयोग कर रहे हैं।

अधिकारियों को चाहिए कि वो निर्माण की गुणवत्ता की मॉनीटरिंग करें, लेकिन उनके द्वारा कार्य को देखने का समय ही नहीं है। ठेकेदार मनमाने तरीके से सीमेंट और लोहे की चोरी करते हुए काम कर रहे हैं। इसका खामियाजा यह दिख रहा है कि जो भी निर्माण हो रहे हैं वो कुछ दिन बाद ही खराब हो रहे हैं।

## अनियंत्रित मिक्सर मशीन पलटी, चालक फंसा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अनियंत्रित होकर मिक्सर मशीन अचानक पलट जाने से चालक बुरी तरह वाहन में फंस गया था। सूचना पर उसे रेस्क्यू कर बाहर निकाला गया। मिली जानकारी के मुताबिक थनोद रोड पर अनियंत्रित होकर पलटी मिक्सर मशीन सीजी 7 सीजेड 6051 में चालक गंभीर रूप से फंस गया था। जिसे चौकी अंजोरा पुलिस की टीम ने मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। घटना की सूचना मिलने पर चौकी प्रभारी चंद्रशेखर सोनी अपनी टीम के साथ पहुंचे थे। चालक को सुरक्षित बाहर निकाल कर उसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। स्थानीय नागरिकों ने पुलिस की तुरंत मानवीय कार्यवाई की सराहना कर एसपी दुर्ग का रेस्क्यू टीम व सहयोगी की प्रशंसा किया। पुलिस टीम ने बिना विलंब किए ग्रामीणों, नागरिकों के सहयोग से राहत और बचाव कार्य शुरु प्रारंभ किया। दुर्ग पुलिस ने आम नागरिकों से अपील करती है कि सड़क हादसों अथवा किसी भी आपात स्थिति की सूचना तुरंत पुलिस एवं आपातकालीन सेवाओं को दें।

## गांजा तस्कर पुलिस की गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



गांजा तस्करी करने वाले दो युवको को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पुलिस ने डेढ़ लाख रुपए का गांजा जब्त किया है। धमधा पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर ग्राम घोटा पेट्रोल पम्प धमधा से ग्राम शिवकोकड़ी चौकी लिटिया बोरी निवासी मनीराम ठाकुर , भाठा कोकड़ी धमधा ढाल सिंह यादव को पकड़ा गया। दोनों के पास से पुलिस ने 3.100 किलोग्राम गांजा, एक्टिवा सीजी 07 डीडी 0132, दो मोबाइल जब्त किया गया। दोनों आरोपी वाहन से ग्राहक की तलाश में खडे थे। पुलिस पूछताछ में बताया गया कि गांजा को बेचने की फिराक में ग्राहक की तलाश में थे। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। जब्त सामान की कीमत 2.40 लाख रुपए आंकी गई है।

## पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों को कम करने की मांग को लेकर माकपा ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों में कमी की मांग को लेकर भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की दुर्ग जिला सांगठनिक समिति द्वारा सेल परिवार चौक, सिविक सेंटर में प्रदर्शन किया गया।

ऊर्जा बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में जारी गिरावट को देखते हुए माकपा ने केंद्र सरकार से मांग की है कि पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की बढ़ी हुई कीमतों में तत्काल कमी की जाए। साथ ही किसानों को उर्वरकों, विशेषकर यूरिया, की पर्याप्त एवं समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए भी सरकार आवश्यक कदम उठाए। माकपा ने कहा कि आम जनता पर महंगाई का बोझ डालने और उसका भार तेल विपणन कंपनियों को हस्तांतरित करने के बजाय, यदि सरकार को किसी राजस्व हानि की भरपाई करनी है तो वह प्रतिभूति लेनदेन कर, पूंजीगत लाभ कर तथा अन्य वित्तीय उपायों के माध्यम से संसाधन जुटा सकती है। शेयर बाजार में हाल के उतार-चढ़ाव को देखते हुए ऐसे कदम आवश्यक हैं। सामाजिक योजनाओं के लिए संसाधन जुटाने का बोझ आम जनता पर डालने के बजाय, बाजार में हेरफेर कर त्वरित लाभ कमाने वालों पर डाला जाना चाहिए। पार्टी नेताओं ने कहा किजब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ रही थीं, तब सरकार और तेल कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाने में देर नहीं लगाई। लेकिन अब जबकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट आई है।



### गैस सिलेंडर भी लगातार महंगा

ज्ञापन में बताया कि फरवरी 2026 से घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कई चरणों में वृद्धि की गई। मार्च में 50 -60 रुपए तथा जून में 29 प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी हुई। इससे घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत940 से 1013.50 रुपए तक पहुंच गई। वहीं व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की कीमतों में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई, जिसका सीधा असर होटल, ढाबों तथा छोटे व्यवसायों पर पड़ा। परिवहन महंगा होने के कारण आपूर्ति श्रृंखला के प्रत्येक स्तर पर लागत बढ़ जाती है, जिससे महंगाई केवल अनुपातिक रूप से नहीं बल्कि कई गुना प्रभाव के साथ बढ़ती है। इसका परिणाम खाद्य पदार्थों, रसोई के खर्च तथा दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि के रूप में सामने आता है।

## विधायक नहीं पहुंचे तो नहीं पिलाई पोलियो की दवा, डॉक्टर को फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस एनआईडी के तहत जिले में रविवार से पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत हुई है। सुपेला स्थित लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला में बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाया गया। यहां वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने अभियान की शुरूआत करने की सहमति दी थी। उन्होंने सिविल सर्जन से कहा कि वो 12 बजे वहां पहुंचेंगे, लेकिन किसी कारण से वो 40 मिनट देरी से पहुंचे। इस बीच विधायक जी नाराज न हो जाएं यह सोचकर सिविल सर्जन डॉ. पीयाम सिंह ने बच्चों और उनकी माताओं व परिजनों को को पोलियो की दवा के लिए इंतजार करा दिया। जब विधायक रिकेश सेन वहां पहुंचे और बच्चों की भीड़ देखी तो डॉ. पीयाम सिंह पर नाराजगी जताई और कहा कि इतने बच्चों को क्यों रोककर रखा। एक बच्चे को भी वो पोलियो ड्रॉप पिलाते वहीं पर्याप्त है।

जानकारी के अनुसार सुबह से अस्पताल में शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जा रही थी। बड़ी संख्या में माता-पिता अपने बच्चों को लेकर अस्पताल पहुंचे थे। इस अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम में विधायक रिकेश सेन को शामिल होना था। उन्होंने दोपहर 12 बजे पहुंचने की सूचना दी थी। अस्पताल प्रबंधन ने जनप्रतिनिधि के हाथों बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने की योजना बनाई थी। विधायक 40 मिनट देरी से पहुंचे तो अस्पताल में बच्चों को 40 मिनट तक दवा ही नहीं पिलाई गई। बच्चों व उनके परिजनों को इंतजार करने के लिए कहा गया। भीषण गर्मी के बीच कई महिलाएं और परिजनों ने नाराजगी भी जताई, लेकिन अस्पताल अधीक्षक मुस्कुराकर उन्हें रोकते रहे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अस्पताल का स्टाफ लगातार बस पांच मिनट कहकर लोगों को समझाता रहा, लेकिन यह इंतजार करीब 40 मिनट तक चला। इस दौरान छोटे बच्चे अपने परिजनों के साथ अस्पताल परिसर में बैठे रहे। दोपहर करीब 12.40 बजे जनप्रतिनिधि अस्पताल पहुंचे। उनके पहुंचने के बाद बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। बड़ी संख्या में बच्चों और परिजनों को इंतजार करते देख जनप्रतिनिधि ने भी नाराजगी व्यक्त की। इस दौरान अस्पताल प्रभारी पीयाम सिंह, जिला टीकाकरण अधिकारी दिव्या श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में स्टाफ मौजूद थे।





### विलंब की नहीं थी जानकारी

“ जनप्रतिनिधि ने दोपहर 12 बजे पहुंचने का समय दिया था और उन्हें इस बात का अंदाजा नहीं था कि उनके आने में इतना विलंब हो जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी उसी निर्धारित समय को ध्यान में रखकर की गई थी।

**पीयाम सिंह**, प्रभारी सिविल अस्पताल सुपेला भिलाई

## आप ने उठाए सवाल, विधायक को गवाह बनाने व दस्तावेज पुलिस को सौंपने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

**बीएसपी लोहा चोरी का मामला**

बीएसपी लोहा चोरी मामले में आम आदमी पार्टी ने वैशाली नगर विधायक द्वारा किए जा रहे खुलासों को लेकर सरकार और पुलिस प्रशासन से बड़ी मांग की है। पार्टी के जिला अध्यक्ष जसप्रीत सिंह ने कहा है कि विधायक यदि इस मामले को 10 हजार करोड़ रुपए से अधिक का महाघोटाला बता रहे हैं और उनके पास इससे जुड़े दस्तावेज हैं, तो उन दस्तावेजों को दुर्ग पुलिस को भी उपलब्ध कराया जाना चाहिए।

जसप्रीत सिंह ने जारी बयान में कहा कि वैशाली नगर विधायक पिछले कई दिनों से सोशल मीडिया के माध्यम से बीएसपी लोहा चोरी मामले में लगातार नए खुलासे कर रहे हैं। विधायक द्वारा इस पूरे मामले को एक सुनियोजित और बड़े आर्थिक घोटाले के रूप में प्रस्तुत किया गया है। साथ ही यह भी जानकारी सामने आई है कि उन्होंने संबंधित दस्तावेजों की प्रतियां मुख्यमंत्री को सौंपी हैं। आम आदमी पार्टी का कहना है कि जब दुर्ग पुलिस इस मामले की जांच कर रही है, तब विधायक के पास मौजूद दस्तावेज और जानकारी जांच एजेंसी तक पहुंचना जरूरी है। इससे जांच को दिशा मिलेगी और मामले की सच्चाई सामने आने में मदद मिलेगी। पार्टी ने मांग की है कि विधायक द्वारा मुख्यमंत्री को दिए गए सभी दस्तावेजों की प्रतियां तत्काल दुर्ग पुलिस को उपलब्ध कराई जाएं। इसके अलावा विधायक को इस मामले में प्रमुख गवाह के रूप में शामिल कर उनके बयान दर्ज हो।

## मजबूत घरों के साथ बढ़ेगा महिलाओं का आत्मविश्वास, आर्थिक स्थिति भी

# महिला राजमिस्त्री बनकर गढ़ रहीं अपने सपनों का भविष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

- **बठेना में आयोजित प्रशिक्षण में 35 महिलाएं भाग ले रही**

कलेक्टर अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में ग्रामीण महिलाओं को कौशल आधारित प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाने और प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण आवास निर्माण को बढ़ावा देने की दिशा में ग्राम बठेना, जनपद पंचायत पाटन में प्रेरणादायक पहल की जा रही है। बैंक ऑफ बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी, दुर्ग द्वारा संचालित 30 दिवसीय रूरल मेसन राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण महिलाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसरों के द्वार खोल रहा है।

ग्राम बठेना में आयोजित इस प्रशिक्षण में 35 महिलाएं भाग ले रही हैं। यह प्रशिक्षण केवल भवन निर्माण की तकनीक सिखाने तक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भरता, आत्मविश्वास और आर्थिक सशक्तिकरण की नई राह भी दिखा रहा है। जो महिलाएं कभी निर्माण कार्य को पुरुषों का क्षेत्र मानती थीं, वे आज राजमिस्त्री बनने का प्रशिक्षण लेकर अपने सपनों को नई उड़ान दे रही हैं।

### गुणवत्ता नियंत्रण पर विशेष जोर

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को नींव निर्माण, दीवार निर्माण की वैज्ञानिक तकनीक, छत ढलाई, प्लास्टर, फ्लोरिंग, फिनिशिंग तथा निर्माण सामग्री के सही अनुपात और उपयोग की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। आधुनिक निर्माण तकनीकों के साथ सुरक्षा मानकों और गुणवत्ता नियंत्रण पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है। इससे न केवल बेहतर निर्माण कार्य सुनिश्चित होगा, बल्कि सामग्री की अनावश्यक बर्बादी को भी रोका जा सकेगा। इस प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर सुश्री अनिता चारभे प्रतिभागियों को तकनीकी एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान कर रही हैं। प्रशिक्षणार्थियों को निःशुल्क ड्रेस, टूल किट एवं भोजन की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है।




### रोजगार के साथ बनेंगी सशक्त

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दुर्ग बजरंग कुमार दुबे ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण एवं टिकाऊ आवास निर्माण सुनिश्चित करने में प्रशिक्षित राजमिस्त्रियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण महिलाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने के साथ-साथ उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का कार्य भी कर रहे हैं। कौशल विकास के माध्यम से महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी और स्थानीय स्तर पर आजीविका के नए अवसर प्राप्त कर सकेंगी। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, ग्रामीण विकास और रोजगार सृजन का एक प्रभावी माध्यम बनकर उभर रहा है। एक ओर जहां प्रशिक्षित महिला राजमिस्त्री प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनने वाले घरों को अधिक मजबूत, सुरक्षित और टिकाऊ बनाने में योगदान देंगी, वहीं दूसरी ओर उनके आत्मविश्वास और सामाजिक भागीदारी में भी वृद्धि होगी।

## खबर संक्षेप

### 65 दंपत्तियों को मिलेगा प्रोत्साहन राशि

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ शासन के आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित अस्पृश्यता निवारणार्थ अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत कुल 65 पात्र दम्पत्तियों को योजना का लाभ प्रदान करने हेतु स्वीकृति दी गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार योजना के तहत अंतर्जातीय विवाह करने वाले दम्पत्तियों को प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। छत्तीसगढ़ अस्पृश्यता निवारणार्थ अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना नियम 1978 संशोधित 2019 के प्रावधानों के अनुसार प्रोत्साहन राशि के भुगतान से पूर्व सभी पात्र दम्पत्तियों से 10 रुपये के नॉन-ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर राशि प्राप्ति संबंधी शपथ पत्र प्राप्त किया जाना अनिवार्य है। सभी पात्र दम्पत्तियों से कहा गया है कि वे कार्यालयीन समय में सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग, दुर्ग कार्यालय में उपस्थित होकर निर्धारित शपथ पत्र प्रस्तुत करें। आबंटन की उपलब्धता के अनुसार शपथ पत्र प्राप्ति के क्रम में प्रोत्साहन राशि का भुगतान सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में किया जाएगा।

### जिले में मत्स्याखेट 15 अगस्त तक प्रतिबंधित

**दुर्ग।** वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि को दृष्टिगत रखते हुये उन्हें संरक्षण देने हेतु राज्य में छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम-1972 की धारा-3 उपधारा-2 के तहत 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु क्लोज सीजन के रूप में घोषित किया गया है।उप संचालक मत्स्य सीमा चन्द्रवंशी से मिली जानकारी अनुसार जिले के सभी तालाबों एवं जल स्त्रोतों में जिनका संबंध नदी नालों से नहीं है। इसके अतिरिक्त जलाशयों में किये जा रहे केज कल्चर को छोड़कर, सभी प्रकार के जल संसाधनों में 15 अगस्त 2026 तक मत्स्याखेट कार्य पूर्णतः निषिद्ध रहेगा।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए भर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

**दुर्ग।** अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा सत्र 2026-27 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति कक्षा 12वीं से उच्चतर हेतु ऑनलाइन पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित छात्रवृत्ति योजना के तहत आवेदन विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन किए जाएंगे। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार छात्रवृत्ति के नवीनीकरण आवेदन के लिए पोर्टल 20 जून से तथा नवीन आवेदनों के लिए 1 अगस्त से प्रारंभ किया जाएगा। विद्यार्थी निर्धारित समय-सीमा के भीतर विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

## पेज 9 के शेष

### सरकारी नौकरी ...

लिया था। लता धीवर से लगातार संपर्क करने पर उनके द्वारा मुझे कृषि विभाग में फील्ड वर्क कार्य हेतु फर्जी ज्वाइनींग लेटर दिया था।

### गले में चाकू ...

हर्राठेमा जंगल घाटी में पहुंचा था कि रोड में 03 लड़के स्लेण्डर मोटर सायकल में थे ने प्रार्थी को रोके और बालोद जाने का रास्ता पुछे उसी दौरान तीनों लड़को में से एक लड़का प्रार्थी के गले में चाकू टीकाकर एवं दूसरा लड़का उसके पसली में मुक्का मारकर तथा तीसरा लड़का पैंट जेब के पर्स में रखे तीन हजार रूपये को डरा धमकाकर निकालकर छीनकर झलमला की ओर भाग गये कि रिपोर्ट पर धारा 309(6) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान सीसीटीव्ही फुटेज मोबाईल टॉवर डम के आधार पर आरोपीगण लिपेन्द्र साहू, जतिन पटेल, गौरव यादव को हिरासत में लेकर पुछताछ किया गया जिन्होने अपराध घटित करना स्वीकार किये है। आरोपी लिपेन्द्र साहू से घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल सीजी 24 डब्ल्यू 1779, एक मोबाईल फोन, जतिन पटेल से घटना में प्रयुक्त 01 चाकू एवं मोबाईल फोन तथा गौरव यादव से लुटे गये रकम में से 700 रूपये तथा एक मोबाईल फोन जप्त किया गया। आरोपीगण द्वारा धारा सदर का अपराध घटित करना पाये जाने से आरोपियो को विधिवत 28 जून को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

---

### अभियान : पांच वर्ष तक के बच्चों को पिलाई जा रही पोलियोरोधी दवा

# दल्लीराजहरा सहित पूरे क्षेत्र में पल्स पोलियो महाअभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा





राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के अवसर पर रविवार को दल्लीराजहरा शहर सहित पूरे क्षेत्र में पल्स पोलियो महाअभियान का शुभारंभ किया गया। मातृ एवं शिशु अस्पताल में जनप्रतिनिधियों तथा स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों ने एक नवजात शिशु को पोलियोरोधी जीवनरक्षक बूंदें पिलाकर अभियान की शुरुआत की। इसके साथ ही नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के सभी निर्धारित केंद्रों पर पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियोरोधी दवा पिलाने का कार्य उत्साहपूर्वक प्रारंभ हुआ।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभियान को सफल बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की गई थीं। नगर के आंगनबाड़ी केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, उप स्वास्थ्य केंद्रों तथा अन्य चिन्हित स्थानों पर विशेष बूथ स्थापित किए गए। इसके अलावा स्वास्थ्य कर्मियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों और स्वयंसेवकों की टीमों को घर-घर जाकर उन बच्चों तक भी पहुंचने की जिम्मेदारी सौंपी गई, जो किसी कारणवश बूथ तक नहीं पहुंच पाए।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों की सुरक्षा केवल समय पर टीकाकरण से ही संभव है। प्रत्येक परिवार की जिम्मेदारी है कि पांच वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियोरोधी बूंदें अवश्य पिलाएं, ताकि आने वाली पीढ़ी को इस बीमारी से पूरी तरह सुरक्षित रखा जा सके।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अभियान के दौरान किसी भी पात्र बच्चे को छूटने नहीं दिया जाएगा। इसके लिए विशेष निगरानी व्यवस्था बनाई गई है तथा स्वास्थ्य दल लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर रहे हैं। बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी विशेष टीकाकरण केंद्र संचालित किए जा रहे हैं, जिससे बाहर से आने वाले बच्चों को भी पोलियोरोधी दवा उपलब्ध कराई जा सके।

अभियान के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों ने अभिभावकों को नियमित टीकाकरण के महत्व की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पोलियो उन्मूलन की दिशा में देश ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है, लेकिन इस उपलब्धि को स्थायी बनाए रखने के लिए प्रत्येक अभियान में सभी बच्चों को पोलियोरोधी बूंदें पिलाना अत्यंत आवश्यक है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी विजय ठाकुर ने कहा कि पांच वर्ष तक का कोई भी बच्चा पोलियोरोधी दवा से वंचित न रहे, यही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी अभिभावकों से आग्रह है कि वे अपने बच्चों को अनिवार्य रूप से पोलियो की बूंदें पिलाकर इस जनस्वास्थ्य अभियान में सहभागिता निभाएं। चिकित्सक सौरभ जैन ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की सभी टीमें पूरी सक्रियता के साथ मैदान में कार्य कर रही हैं। बूथों के साथ-साथ घर-घर पहुंचकर भी बच्चों को दवा पिलाई जाएगी। हमारा लक्ष्य शत-प्रतिशत बच्चों तक पहुंच बनाना है। मातृ एवं शिशु अस्पताल के चिकित्सक कहते हैं कि पोलियो एक गंभीर एवं आजीवन दिव्यांगता का कारण बनने वाली बीमारी है, जबकि इसकी रोकथाम केवल दो बूंद दवा से संभव है। इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही बच्चों के भविष्य के लिए नुकसानदेह हो सकती है।

## बिरेतरा में राष्ट्रीय पोलियो दिवस पर पिलाई गई पोलियो की खुराक



**बालोद।** विकासखंड गुण्डरदेही के ग्राम पंचायत बिरेतरा में राष्ट्रीय पोलियो दिवस मनाया गया, ग्राम सरपंच तारिणी देशमुख ने उप स्वास्थ्य केंद्र मे पोलियो उन्मूलन अभियान की शुरुआत की। सरपंच ने 5 साल तक के नौनिहालों को पोलियो की खुराक पिलाई और गांव को पोलियो मुक्त बनाने का संकल्प दिलाया।

उप स्वास्थ्य केंद्र में सुबह से ही बच्चों को लेकर पालकों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान पूर्व सरपंच योगेश देशमुख, एएनएम मितानिन और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी मौजूद रहीं। सरपंच ने घर–घर जाकर छूटे हुए बच्चों को बूथ तक लाने के लिए मितानिनों को कहा। उन्होंने कहा की पोलियो को जड़ से मिटाना हम सबकी जिम्मेदारी है। गांव का एक भी बच्चा पोलियो ड्रॉप से वंचित नहीं रहना चाहिए। स्वस्थ बच्चे ही स्वस्थ भारत की नींव हैं।



## आमटी में बच्चों को पिलाई गई पोलियो की खुराक

**अण्डा।** ग्राम आमटी में 28 जून 2026, रविवार को राष्ट्रीय पल्स पोलियो दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य देश को पोलियो मुक्त बनाने की दिशा में जागरूकता बढ़ाना और बच्चों को पोलियो से सुरक्षित करना रहा। इस दौरान 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाई गई। स्वास्थ्य कर्मियों एवं ग्राम पंचायत के सहयोग से यह अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत आमटी की सरपंच दुर्गा पुरुषोत्तम चौधरी, सहयोगी ललिता चौधरी, शशिकला चौधरी, विद्या देशमुख, कन्हैया चौधरी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। ग्रामवासियों ने बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य के लिए इस अभियान को महत्वपूर्ण बताते हुए सभी अभिभावकों से अपने बच्चों को पोलियो की खुराक दिलाने की अपील की।

---

# समाज और राष्ट्र निर्माण की सबसे महत्वपूर्ण शक्ति हैं युवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

- सेवा सदन दुर्ग में हुआ आयोजन
- संवाद कार्यक्रम में केबिनेट मंत्री यादव ने युवाओं से किया संवाद



दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा और युवा मोर्चा के मंडल पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ रविवार को सेवा सदन में संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंत्री गजेन्द्र यादव ने युवाओं से संगठन को और अधिक सशक्त व प्रभावी बनाने, शहर के विकास, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विभिन्न समसामयिक तथा राजनीतिक विषयों पर चर्चा की।

इस दौरान युवाओं ने भी अपने विचार, सुझाव और अनुभव साझा किए। मंत्री यादव ने कहा कि युवा समाज और राष्ट्र निर्माण की सबसे महत्वपूर्ण शक्ति हैं। संवाद के दौरान युवाओं के सुझावों, अपेक्षाओं एवं प्रश्नों को गंभीरता से सुना तथा सरकार के कार्यों, नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए उनके प्रश्नों का उत्तर दिया। संगठन में भी भागीदारी निभाएं युवा केबिनेट मंत्री यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में संचालित सुशासन सरकार की जनहितैषी योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी साझा करते हुए युवाओं से आह्वान किया कि वे शासन की योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सक्रिय भागीदारी निभाएं। साथ ही उन्होंने युवाओं से संगठन की मजबूती, सामाजिक दायित्वों के निर्वहन तथा विकसित, समृद्ध एवं आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ के निर्माण में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाने का आग्रह किये। उन्होंने कहा कि युवा और महिलाएं समाज में जागरूकता के सबसे प्रभावी माध्यम हैं।

# शाला बस्ती पारा में हर्षोल्लास से मनाया गया शाला प्रवेश




**अंडा।** ग्राम अंडा स्थित शासकीय प्राथमिक शाला बस्ती पारा में नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 के शुभारंभ पर शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशित बच्चों का तिलक लगाकर और मुंह मीठा कराकर आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षाविद् देवेंद्र कुमार सिन्हा ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें गुलाल लगाकर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि शिक्षा बच्चों के जीवन की मजबूत नींव है और हर बच्चे को नियमित विद्यालय आकर मन लगाकर पढ़ाई करनी चाहिए।

शासन की कल्याणकारी योजनाओं के तहत विद्यालय में प्रवेश लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं को पाठ्यपुस्तकें एवं अन्य आवश्यक शिक्षण सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर बच्चों और पालकों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

कार्यक्रम में फेकूराम चंद्राकर (विधायक प्रतिनिधि), पंचायत प्रतिनिधि रिकेश्वरी चंद्राकर, अध्यक्ष द्रोपदी तारक, उपाध्यक्ष तारिणी धीमर, सदस्यगण रूपा, ममता, तामेश्वरी, प्रभा, दुर्गा, तनूजा, जागेश्वर मेश्राम, धर्मेंद्र, रीना महिलांग, प्रधान पाठक संतोषी ठाकुर, शिक्षिका राखी सिन्हा सहित विद्यालय स्टाफ, स्थानीय जनप्रतिनिधि, पालक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में सभी ने बच्चों को नियमित स्कूल आने और शिक्षा के महत्व को समझते हुए बेहतर भविष्य की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# दुर्ग जिले के 514 पीडीएस दुकानों में राशन बांटने वालों को ही राशन के लाले, जिम्मेदार हैं खामोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई




सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत लोगों तक राशन पहुंचाने की जिम्मेदारी निभाने वाले राशन दुकान संचालक, महिला स्व-सहायता समूह और सेल्समैन स्वयं आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। दुर्ग जिले की 514 शासकीय उचित मूल्य दुकानों में राशन वितरण कार्य से जुड़े लोगों को पिछले पांच माह से कमीशन का भुगतान नहीं होने से भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई दुकानों में कार्यरत सेल्समैनों को भी मेहनताना नहीं मिल पाया है, जिससे उनके सामने परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो गया है।

दुर्ग जिले में 4.98 लाख राशन कार्ड धारक हैं। इन कार्ड धारियों के 1693741 सदस्यों को राशन बांटा जाता है। राशन देने के लिए शासन ने अधिकांश स्थानों पर महिला स्व-सहायता समूहों को जिम्मेदारी दी है। इन समूहों के सदस्य और दुकानों में नियुक्त सेल्समैन नियमित रूप से खाद्यान्न वितरण, स्टॉक का रखरखाव, रिकॉर्ड संधारण तथा कार्ड धारियों को सुविधाएं उपलब्ध कराने का कार्य करते हैं। इसके बावजूद उन्हें समय पर कमीशन नहीं मिलने से आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है।

### 183497 सदस्यों का ई-केवाईसी करवाने का जिम्मा

जिले में 1 लाख 83 हजार 497 राशनकार्ड सदस्यों की ई-केवाईसी नहीं हो पाया है। जिला खाद्य विभाग ने ई-केवाईसी के लिए राशन दुकान संचालकों को ही जिम्मेदारी सौंपी है। दुकान संचालन की गतिविधियों से जुड़े कर्मी ई-केवाईसी नहीं करवाने वाले लोगों को फोन कर रहे हैं और उन्हे ई-केवाईसी करने के लिए प्रेरित कर विभाग का टारगेट पूरा करने में पूरी मदद कर रहे हैं। अपने दर्द को भुलाकर कर्मी करने में जुटे हुए हैं।

### कई दुकानों में वर्षों से लंबित है भुगतान

राशन दुकान संचालकों का कहना है कि केवल मासिक राशन वितरण का कमीशन ही नहीं, बल्कि वर्ष 2022 से पूरक पोषण आहार, आंगनबाड़ी केंद्रों को चावल वितरण, मध्याह्न भोजन योजना के लिए चावल वितरण तथा अमृत नमक वितरण से संबंधित कमीशन का भुगतान भी अब तक नहीं किया गया है। ब्लॉक की लगभग एक दर्जन दुकानों में स्थिति और गंभीर बताई जा रही है, जहां वर्षों से विभिन्न मदों का भुगतान लंबित है।


### बजट आया है ट्रेजरी से होगा भुगतान

राज्य शासन से दुकान संचालकों व उनसे जुड़े कर्मियों के पैसे का भुगतान जल्द हो जाएगा। बजट आ गया है और उसे हमने ट्रेजरी में भेज दिया है। यहां से उनके खाते में भुगतान चला जाएगा।

\- **अनुराग सिंह भदौरिया,** जिला खाद्य अधिकारी

# जिले में 4 विकास कार्यों के लिए 33 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जिले में जनहित के 4 विभिन्न विकास कार्यों के लिए कुल 33 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। लोकसभा सांसद विजय बघेल द्वारा अनुशंसित उक्त कार्यों का संपादन संबंधित क्रियान्वयन एजेंसियों द्वारा किया जाएगा। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इसके तहत ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दुर्ग द्वारा 28 लाख रूपए की लागत से 3 विकास कार्य कराए जाएंगे, जिसमें सिविल लाइन दक्षिण जलाराम सांस्कृतिक भवन के पास भवन निर्माण हेतु 10 लाख रूपए, वार्ड 52 गणपति विहार कॉलोनी माता कमला देवी उद्यान बोरसी पश्चिम में मंच निर्माण हेतु 10 लाख रूपए तथा पोटियाकला में शिवाजी मूर्ति के पास भवन निर्माण कार्य के लिए 8 लाख रूपए की स्वीकृति दी गई है।













विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### चार युवकों ने सेल्समैन से की लूट, चाकू दिखाकर नकदी और मोबाइल लूटकर फरार

**बालोद।** मोटर सायकल सवार व्यक्ति के साथ चार युवको ने लूट पाट की घटना को अंजाम दे दिया। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने घटना के 14 दिनो बाद अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने धारा 309(6) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मामला बालोद थाना अंतर्गत का है। दवाई कम्पनी में सेल्समेन ग्राम कोरर जिला कांकेर निवासी रामेश्वर साहू ने पुलिस को बताया कि 13 जून को मैं अपने मोटर सायकल सीजी 05 एएम 5425 से राजनांदगांव सामान खरीदने गया था जहां से 14 जून को रात्रि में अपने गांव कोरर मोटर सायकल से जा रहा था सुबह करीबन 04 बजे झलमला से रानीमाई जाने वाली मार्ग पर तालगांव से कुछ दूर पहले अपने मोटर सायकल को रोककर शौच के लिये जा रहा था उसी समय रानीमाई मार्ग की ओर से आ रहा एक मोटर सायकल में सवार 04 लड़के मेरे पास आये और उनमें से एक लम्बा लड़का जो शर्ट–पैंट पहना था। मुझे लकड़ी के डण्डे से मारने लगा तब मैं अपना बचाव करते जमीन पर गिर गया तो उनमें से एक छोटे कद का लड़का अपने पास रखे चाकू को निकालकर मेरे गले टिकाया और मुझे जान से मारने की धमकी देते हुये मेरे पास रखे सामान को निकालने बोला और मेरी जेब में रखे मोटोरोला मोबाईल तथा नगदी 4,500 रूपये को जेब से निकालकर रख लिये और चारों लड़के मुझे धमकी देते हुये अपने मोटर सायकल से झलमला की ओर भाग गये। मैं मोटर सायकल नम्बर को नहीं देख पाया उनमें से एक लड़का कम हाईट का था जो टी–शर्ट और लोवर में था। जिन्हे देखकर मैं पहचान लुंगा। घटना के बाद मैं डर के कारण तत्काल रिपोर्ट नहीं कर अपने गांव चला गया और घटना की जानकारी अपने घर वालों को बताया हूं, परिवार से सलाह मशवरा के बाद 28 जून को रिपोर्ट दर्ज कराने आया हूं।

### हथियार लेकर लोगों को धमकाने वाला गिरफ्तार



**भिलाई।** हथियार लेकर लोगों को धमकाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर रेलवे स्टेशन रोड के पास गौठान के सामने, कोसानगर में युवक अपने हाथ में धारदार हथियार लेकर धमका रहा था। पुलिस ने उसे पकड़ लिया।पूछताछ में युवक ने अपना नाम कोसा नगर सुपेला निवासी राकेश सोना बताया है। उसके पास से पुलिस ने धारदार हथियार बरामद हुआ है।

### निधन

#### गोपाल राम सेन



**गुरूर।** ग्राम ठेकवाडीह निवासी गोपाल राम सेन का स्वर्गवास 28 जून रविवार को हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम में किया गया। वे लक्ष्मीबाई सेन के पति, तमेश कुमार सेन के पिता एवं दीपेश सेन के दादा थे।

## जिला कार्यालय जुंगेरा में हुई समीक्षा बैठक, कार्यकर्ताओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने पर दिया गया बल

# भाजपा की डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म बैठक में बूथ स्तर तक प्रशिक्षण पूरा करने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





भारतीय जनता पार्टी जिला बालोद द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान–2026 के अंतर्गत सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय जुंगेरा में डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म डीएलपी की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई।

बैठक को भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख एवं जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव ने संबोधित किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री सौरभ लुनिया, जिला सह–कोषाध्यक्ष मनीष झा सहित जिले के पदाधिकारी, सभी मंडलों के अध्यक्ष, संगठन प्रभारी, विभिन्न मोर्चों के जिला अध्यक्ष, डीएलपी जिला टीम, मंडल प्रभारी एवं तकनीकी टीम के सदस्य उपस्थित थे। जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने जिले के सभी मंडलों में डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने प्रत्येक शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर आयोजित की जाने वाली बैठकों की विस्तृत जानकारी लेते हुए कहा कि जिन मंडलों में कार्य अभी शेष है, वे इसे गंभीरता से लेते हुए शीघ्र पूर्ण करें। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म पर अपना प्रशिक्षण समयबद्ध रूप से पूरा करने का आग्रह किया। जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव ने डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म की जानकारी देते हुए कहा कि यह अभियान प्रत्येक कार्यकर्ता को आधुनिक एवं तकनीकी रूप से सक्षम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। डीएलपी के माध्यम से कार्यकर्ताओं को तेजी से डिजिटल तकनीक से जोड़कर उन्हें संगठनात्मक कार्यों में अधिक दक्ष बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज का युग सूचना एवं संचार क्रांति का युग है। डिजिटल इंडिया के सपने को साकार करने की दिशा में डीएलपी का उद्देश्य जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को सशक्त बनाना है, ताकि वे सरकारी योजनाओं एवं पार्टी की विचारधारा को प्रभावी ढंग से आमजन तक पहुंचा सकें। गांव के प्रत्येक बूथ का कार्यकर्ता मोबाइल के माध्यम से सीधे प्रशिक्षण प्राप्त कर सके, इसी उद्देश्य से ऑडियो–वीडियो एवं डिजिटल कंटेंट उपलब्ध कराया जा रहा है। डीएलपी के माध्यम से



कार्यकर्ताओं को पार्टी के गौरवशाली इतिहास, अंत्योदय के सिद्धांत, राष्ट्रहित की नीतियों, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। साथ ही सोशल मीडिया के सकारात्मक एवं जिम्मेदार उपयोग का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है, जिससे कार्यकर्ता भ्रामक प्रचार एवं अफवाहों का प्रभावी जवाब दे सकें। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक ऐसा राजनीतिक संगठन है जो समय के साथ स्वयं को निरंतर आधुनिक और तकनीकी रूप से सशक्त बनाता है। डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म से प्रशिक्षित कार्यकर्ता आने वाले समय में संगठनात्मक कार्यों को और अधिक गति देंगे तथा जनता और सरकार के बीच एक मजबूत एवं आधुनिक सेतु की भूमिका निभाएंगे। उन्होंने बताया कि यह भाजपा संगठन का पहला ऐसा अभियान है, जिसकी गतिविधियों का रिकॉर्ड राष्ट्रीय कार्यालय एवं पीएमओ स्तर तक दर्ज किया जाएगा।

## बिरेतरा में पीएम आवास योजना 2.0 की पात्रता सूची में 214 परिवार शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- 215 परिवारों का हुआ था सर्वे, ग्राम सभा की सहमति के बाद प्राथमिकता के आधार पर मिलेंगे आवास



ग्राम पंचायत बिरेतरा में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 के तहत तत्कालीन सरपंच योगेश कुमार देशमुख के कार्यकाल में कराए गए संपूर्ण सर्वे के दौरान 215 हितग्राहियों का सर्वे किया गया था, जिसमें से 214 लोगों का नाम पीएम आवास 2.0 की पात्रता सूची में शामिल हो गया है।

पूर्व सरपंच योगेश कुमार देशमुख ने बताया कि उनके कार्यकाल में गांव के हर वार्ड में जाकर पात्र परिवारों का सर्वे कराया गया था। आवास प्लस ऐप से ऑनलाइन सर्वे कर सभी दस्तावेज अपलोड किए गए। इसका नतीजा है कि 215 में से 214 हितग्राही योजना के लिए पात्र पाए गए हैं।

पंचायत सचिव ने जानकारी दी की 24 जून को ग्राम पंचायत में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमे ग्राम सभा सदस्यों ने पात्रता सूची में शामिल सभी परिवार का प्रधानमंत्री आवास बने एक स्वर में सहमती दी। अब पीएम आवास 2.0 की गाइडलाइन अनुसार अब क्रमशः प्राथमिकता के आधार पर इन 214 पात्र हितग्राहियों को प्राथमिकता के आधार पर आवास की स्वीकृति दी जाएगी। हितग्राहीयों ने कहा कि कच्चे मकान में बरसात में बहुत परेशानी होती थी। अब पक्का घर का सपना पूरा होगा। पूर्व सरपंच योगेश देशमुख ने कहा कि गांव का कोई भी पात्र परिवार छूटे नहीं, यही लक्ष्य था। सचिव, रोजगार सहायक व सक्रीय महिला की टीम ने घर–घर जाकर सर्वे किया। कलेक्टर के निर्देश पर समय पर सर्वे पूरा कराया, जिसका लाभ यह हुआ की सर्वे किये गए परिवार 215 में से 214 परिवारों को पात्रता की सूची में शामिल किया गया है।

## सेवा सहकारी समिति कसौंदा में उत्साहपूर्वक मनाया गया सहकारिता दिवस

**गुण्डरदेही।** सहकारिता दिवस का आयोजन सेवा सहकारी समिति कसौंदा में कृषकों की उपस्थिति में किया गया। जिसमें समिति के अध्यक्ष चूरामन साहू, प्रबंधक चंद्रशेखर चंदनिया, सरपंच जितेंद्र चंद्राकर, पूर्व जनपद सदस्य पुनाराम यादव, केशवराम साहू, पारस ठाकुर, कामता साहू, किशन निषाद, तुलसीराम साहू, लखन साहू, जग्गू मानिकपुरी, हरिशंकर साहू, माधव ठाकुर, भोला निषाद, परमानंद साहू, डोमन ठाकुर, देवेंद्र श्रीवास उपस्थित रहे। जिसमें छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना के साथ सहकारिता गीत सामूहिक रूप सेगान कर झंडा रोहण कर मनाया गया।




## भगत सिंह स्पोर्ट्स एकेडमी के खिलाड़ियों ने विधायक संगीता से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- प्रदेश अध्यक्ष बनने पर दी शुभकामनाएं, खिलाड़ियों की समस्याओं से कराया अवगत



क्षेत्र की विधायक संगीता सिन्हा से भगत सिंह स्पोर्ट्स एकेडमी के पदाधिकारियों और खिलाड़ियों ने मुलाकात की। इस विशेष अवसर पर एकेडमी के समस्त सदस्यों द्वारा प्रदेश अध्यक्ष बनने के दायित्व पर गुलदस्ता भेंट कर और मिठाई खिलाकर हर्श व्यक्त किया।

इस मुलाकात के दौरान भगत सिंह स्पोर्ट्स एकेडमी के खिलाड़ियों ने अपनी खेल गतिविधियों और आगामी योजनाओं से विधायक को अवगत कराया। साथ ही खिलाड़ियों को खेलो में होने वालो कठिनाइयों से भी अवगत कराया। विधायक ने भी सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया और हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि अधिवक्ता धीरज उपाध्याय, पदाधिकारी गोपाल यादव, अध्यक्ष, बालोद एकेडमी रागिनी साहू, अमन अध्यक्ष गुंडरदेही शाखा यादव, अध्यक्ष, अर्जुन्दा शाखा भामन कुमार सिन्हा उपस्थित थे।

## खुंदनी आश्रम में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई गई संत कबीरदास की 627वीं जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

- सत्संग, भजन और प्रवचन के माध्यम से संत कबीर के विचारों का किया गया स्मरण



संत कबीर आश्रम खुंदनी में संत सम्राट कबीरदास की 627 वीं जयंती पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। संध्या पाठ के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। उपस्थित सभी सज्जनों ने कबीर दास जी के चित्र को पुष्प और चंदन से सम्मानित कर बंदगी प्रणाम किया।

कबीर समिति के संरक्षक गुरुदेव एआर महंत ने कबीर दास जी के जीवनी पर प्रकाश डाला। गांव में सत्संग प्रवचन के लिए सहयोग देने लिए जनमानस को धन्यवाद दिया। और भविष्य में इस प्रकार की सहयोग के लिए अपेक्षा व्यक्त किया। पूर्व अध्यक्ष पुनुराम गुरुपंच ने कबीर के संदेश को स्वरचित कविता के माध्यम से सुनाया। ग्राम धनेली से पधारे गुरुजी खेदूराम साहू ने बताया कि कबीर दास एक क्रांतिकारी संत थे। जिन्होने पाखंड और आडम्बर को समाज से दूर किया। फत्तूराम सोनभद्र ने भजन सुनाते हुए कहा कि कबीर जी की वाणी आज भी प्रासंगिक है। उसने कहा कि हमें कबीर को जानना ही नहीं उसे मानना भी है। नरेश हिरवानी ने कबीरदास की उलट वाणी को अपने विचारों के माध्यम से व्यक्त किया।

कबीर सत्संग समिति के उपाध्यक्ष एवं ग्राम सरपंच विशाल सिंह दीवान ने कबीर दास के आदर्शों को अपनाने और उनके आदर्शों पर चलने को प्रेरित किया। कार्यक्रम में समिति के सदस्य उमेंद रगरगा, दरबारी साहू, नंदकुमार, रत्तीराम गजमल्ला, इंद्र कुमार गजपाल, हिंछा राम साहू, ओंकार हिरवानी, निर्मल दास, रिखीराम साहू, धिरपाल साहू, खेमराज सोनभद्र, देवल साहू और बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित हुए।

## एनसीसी अधिकारी ताराचंद निर्मलकर को पूर्ण सैन्य सम्मान के साथ अंतिम विदाई

गार्ड ऑफ ऑनर देकर दी श्रद्धांजलि, जय हिंद के नारों के बीच नम आंखों से दी अंतिम विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



एनसीसी अधिकारी ताराचंद निर्मलकर के आकस्मिक निधन पर उन्हें पूर्ण सैन्य सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। ड्यूटी पर जाते समय मोटरसाइकिल चलाते हुए हृदय गति रुक जाने से उनका निधन हो गया था। उनके निधन से एनसीसी परिवार, समाज और क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। अंतिम संस्कार से पूर्व एनसीसी की ओर से दिवंगत ताराचंद निर्मलकर को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया तथा पुष्पचक्र एवं पुष्पमालाएं अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सुभाष महतो, सूबेदार रवि कुमार, सूबेदार जगतार सिंह, सूबेदार बिट्टू सिंह नायक, सूबेदार महेश सिंह, हवलदार दलजीत सिंह, हवलदार विवेक छतरी सहित एनसीसी मुख्यालय रायपुर के अधिकारी एवं कैडेट्स उपस्थित रहे। साथ ही मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ एनसीसी निदेशालय, भोपाल तथा एनसीसी महानिदेशालय, नई दिल्ली की ओर से भी सैन्य सम्मान प्रदान किया गया। शव यात्रा में शामिल एनसीसी कैडेट्स ने जय हिंद के नारों के साथ अपने प्रिय अधिकारी को अंतिम विदाई दी। सभी ने राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण, अनुशासन और सेवाभाव को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ धोबी समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने सड़क दुर्घटना में घायल होने के कारण वर्चुअल माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं समाज की ओर से प्रदेश महामंत्री धनेश्वर निर्मलकर, जिला अध्यक्ष गोपाल निर्मलकर, प्रदेश संगठन मंत्री नकुल निर्मलकर, रायपुर अध्यक्ष वरुण निर्मलकर, भिलाई अध्यक्ष सुरेंद्र रजक, पूर्व अध्यक्ष शंकर रजक, गनु लाल रजक, तुलसीराम निर्मलकर, भीखम निर्मलकर सहित बड़ी संख्या में समाजजन, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।







